मंजुश्री दयानन्द, भाखेप्रा.
कार्यकारी निदेशक
Manjushree Dayanand, SAI
Executive Director

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

फ़ा सं. : भाखेप्रा /रा.भा./नराकास/3085/2023-24/436-512

दिनांक: 21.07.2023

सेवा में,

समस्त कार्यालय प्रमुख
सदस्य कार्यालय,नराकास
दक्षिण दिल्ली - 2

विषय :- 14-15 सितम्बर, 2023 को पुणे (महाराष्ट्र) में हिन्दी दिवस,तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में भाग लेने के संबंध में।

उपरोक्त विषय के संदर्भ में राजभाषा विभाग, भारत सरकार से प्राप्त **अर्द्धशासकीय पत्र सं० 12016/09/2023–रा.भा.(का.2) दिनांक 13 जून, 2023 डॉ मीनाक्षी जॉली, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय की** प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु इसके साथ संलग्न की जा रही हैं।

कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने कार्यालयों एवं अधीनस्थ कार्यालयों से हिंदी से जुड़े 02 अधिकारियों/कर्मचारियों को इस सम्मेलन में भाग लेने हेतु नामित करें।

- हिंदी दिवस तथा तृतीय अ.भा. रा.भा. सम्मेलन में भाग लेने के लिए - पंजीकरण लिंक https://164.100.54.224/dolregister

21/07/2023

(मंजुश्री दयानंद)
कार्यकारी निदेशक (राजभाषा/नराकास)

संलग्न : यथोपरि

प्रतिलिपि :

1. महानिदेशक, अध्यक्ष नराकास, दक्षिण दिल्ली – 2 के उप-निदेशक
2. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
3. उप-निदेशक, राजभाषा, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय – 1(दिल्ली)
4. मास्टर फ़ोल्डर

डॉ० मीनाक्षी जौली
संयुक्त सचिव
DR. MEENAKSHI JOLLY
JOINT SECRETARY
Telefax : 23438130
E-mail : jsol@nic.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
राजभाषा विभाग
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन,
4th FLOOR, N.D.C.C.-II BHAWAN,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI-110001

अ.शा. पत्र सं. 12016/09/2023-रा.भा.(का.2)

आदरणीय महोदय/महोदया

दिनांक- 13 जून, 2023

सहर्ष अवगत कराना है माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी दिवस-2022 एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का भव्य आयोजन सूरत, गुजरात में किया गया था। दो दिवसीय इस अत्यंत सफल आयोजन में देश भर के लगभग 10 हजार से ज्यादा हिंदी सेवियों ने प्रतिभागिता की।

2. पिछले वर्ष की भांति, इस वर्ष भी हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में अत्यन्त भव्य एवं गरिमामयी स्वरूप में पुणे (महाराष्ट्र) में किया जाएगा। यह संयुक्त आयोजन 14-15 सितंबर, 2023 को श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, बालेवाड़ी, पुणे में होगा। इस अवसर पर विभिन्न केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा देशभर के हिंदी से जुड़े विद्वानों तथा हिंदी दिवस के अवसर पर पुरस्कृत संगठनों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

3. वर्तमान में पूरे देश में कुल 528 नराकास कार्यरत हैं। उक्त सम्मेलन के दौरान 15.09.2023 को पूर्वाह्न में **नराकासों की उपलब्धि** पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता माननीय गृह राज्य मंत्री जी द्वारा की जाएगी। नराकासों की हिंदी के कार्यान्वयन एवं प्रगामी प्रयोग में महती भूमिका है। अतः नराकास से जुड़े सभी वरिष्ठ अधिकारी, हिंदी अधिकारी तथा सदस्य सचिव की इस विशेष सत्र में उपस्थिति से उनका मनोबल बढ़ेगा तथा उन्हें उचित मार्गदर्शन मिल सकेगा।

4. सभी नराकासों के अध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त सम्मेलन में अपनी तथा सदस्य सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करें। यह भी अपेक्षित है कि अधीनस्थ नराकासों के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम 02 अधिकारियों/ कर्मचारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करवाई जाए ।

सादर,

शुभेच्छु,

मीनाक्षी जौली

(डॉ. मीनाक्षी जौली)

प्रति-

<u>सभी नराकासों के अध्यक्ष ।</u>